web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 01 अक्टूबर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 06

## महत्वपूर्ण एवं खास

### इंजन में आग लगने से इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, विमान में सवार थे गोवा के मंत्री

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक इंडिगो फ्लाइट की गोवा में इमरजेंसी लैंडिंग हुई. बताया जा रहा है कि रविवार देर रात विमान के इंजन में आग की लपटें देखी गई, जिसके बाद डाबोलिम एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई. इस विमान में गोवा के पर्यावरण मंत्री निलेश काबराल, कृषि निदेशक और ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी भी सवार थे. फिलहाल हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है. इस विमान में कुल 114 यात्री सवार थे. इंडिगो की फ्लाइट 6द्ग-336 को गोवा से दिल्ली के लिए उड़ान भरनी थी. लेकिन इंजन में तकनीकी खामी के बाद इसे गोवा एयरपोर्ट पर ही रोक दिया गया. यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से दिल्ली भेजा जा रहा है.

### पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में नाव पलटी, 20 लोग लापता


**मेदिनीपुर (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में यात्रियों को लेकर जा रही एक नाव पलट गई. इस घटना में 20 लोग लापता हैं. बताया जा रहा ह कि हाई टाइड की वजह से नाव पलटी गई है. इसकी वजह से सुरक्षाबलों को राहत बचाव कार्य में परेशानी आ रही है।

### दिग्गज अभिनेता विजू खोटे का 77 साल की उम्र में निधन

» शोले में कालिया के किरदार से हुए थे मशहूर



**मुंबई (आरएनएस)।** बॉलीवुड इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता विजू खोटे का आज सुबह 77 साल की उम्र में निधन हो गया है। वो लंबे समय से बीमार चल रहे थे। अभिनेता ने मुंबई के अपने घर में अंतिम सांस ली। विजू खोटे ने फिल्म शोले में कालिया का किरदार निभाया था। हिंदी फिल्मों के अलावा उन्होंने मराठी फिल्मों में भी काम किया है। विजू खोटे ने अपने करियर की शुरुआत साल 1964 में की। शोले के अलावा फिल्म अंदाज अपना-अपना में उनके किरदार रॉबर्ट को आज भी याद किया जाता है। निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म गोलमाल 3 में भी वो नजर आ चुके हैं। फिल्म में उन्होंने शम्भू काका का किरदार किया था। अपने करियर में विजू खोटे ने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। फिल्मों के अलावा विजू खोटे थियेटर में भी सक्रिय रहे। मराठी थियेटर में उन्होंने कई साल काम किया है।



### वडोदरा-अहमदाबाद एक्सप्रेस राजमार्ग पर सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**नडियाद (आरएनएस)।** गुजरात में खेडा जिले के महेमदाबाद क्षेत्र में सोमवार को एक कार के ट्रेलर से टकरा जाने से पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वडोदरा-अहमदाबाद एक्सप्रेस राजमार्ग पर रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट आज सुबह एक ट्रेलर को ओवरटेक करते हुए एक कार बेकाबू होकर ट्रेलर से जा टकरायी। हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान प्रग्नेश ए. जोशी (51), महेन्द्र आर. चौहान (38), रिग्नेश ए. पटेल (40), बिलीन्दर आर. शाह (42) राजेश एम. पटेल (48), के रूप में हुयी है। ये भी भरूच से उत्तर गुजरात की ओर जा रहे थे।पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## यूपी और बिहार में बाढ़ से 109 लोगों की मौत, अगले 24 घंटे होंगे भारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश और बिहार में बाढ़ ने लोगों की जान सांसत में ला रखी है. हालात यह हैं कि पिछले चार दिनों के अंतराल में यूपी में 80 और बिहार में 29 लोगों की मौत हो गई है. वहीं बड़ी संख्या में लोग लापता भी हैं.**





जानकारी के अनुसार यूपी में शनिवार को 26 और रविवार दोपहर तक 35 लोगों की मौत हो गई. वहीं पटना में हालात बेकाबू होते जा रहे हैं और शहर में पानी भर गया है. कुछ इलाकों में हालात इतने खराब हैं कि यातायात पूरी तरह से ठप हो चुका है और शहर में घंटों से बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी है. पूरा शहर एक बड़ी झील में तब्दील हो गया है. राजेंद्र नगर और पाटलिपुत्र कॉलोनी जैसे निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है. शहर के कई अस्पताल, दुकान, बाजार जलमग्न हो चुके हैं. यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है. लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है. जगह-जगह जलभराव की समस्या खड़ी हो गई है. इस बीच शहर के कुछ इलाकों में निवासियों को बचाने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीमें लगी हुई हैं. वहीं बिहार सरकार ने भारतीय वायुसेना से पटना के बाढ़ प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को निकालने और खाने के पैकेट्स व दवाइयां पहुंचाने के लिए दो हेलिकॉप्टरों की मांग भी की है.

वहीं मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले 24 घंटे दोनों ही राज्यों पर और भारी पड़ सकते हैं. दोनों ही राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है. वहीं आपदा प्रबंधन की टीमें लगातार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का काम कर रही हैं. साथ ही लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने का काम भी युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है.

दोनों ही राज्यों में करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ है. निजी के साथ ही सरकारी संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचा है. हजारों की संख्या में लोगों को अपने इलाकों से पलायन करना पड़ा है. सबसे भारी नुकसान किसानों को हुआ है. बाढ़ के चलते बड़े क्षेत्र में फसलें नष्ट हो गई हैं.

## गैंगस्टर कपिल सांगवान के राइट हैंड कुलदीप राठी को पुलिस ने दबोचा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी में एक बार फिर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई. दिल्ली के द्वारका इलाके में सोमवार सुबह हुई इस मुठभेड़ में पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर कपिल सांगवान के राइट हैंड कहे जाने वाले बदमाश कुलदीप राठी को धर दबोचा. बताया जा रहा है कि कुलदीप राठी कई संगीन अपराधों में वांछित अपराधी था और लंबे समय से फरार चल रहा था.

पुलिस को सूचना मिली थी कि कुलदीप राठी किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने जा रहा है और इसके लिए वह अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर द्वारका इलाके से निकलेगा. इस दौरान पुलिस ने घात लगाकर उसे रोकने की कोशिश की. लेकिन पुलिस को देखते ही राठी ने फायरिंग शुरू कर दी. इस दौरान जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किया. पुलिस की एक गोली राठी के पैर में जा लगी. जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया. फिलहाल उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है.

पुलिस ने बताया कि राठी कई संगीन अपराधों में वांछित अपराधी था. बताया जा रहा है कि राठी पर हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी और अपहरण जैसे कई मामले दर्ज थे. वह लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस कई इलाकों में उसकी तलाश में दबिश दे चुकी थी.

### हमलों के डर से अफगानिस्तान में कम हुआ मतदान

**काबुल ।** अफगानिस्तान में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में हमलों और फर्जीवाड़े की आशंका के कारण पूर्ववर्ती तीन चुनावों की तुलना में संभवतः सबसे कम मतदान हुआ। अफगानिस्तान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए शनिवार को पहले दौर का मतदान हुआ था। यह चुनाव तय करेगा कि राष्ट्रपति अशरफ गनी दूसरी बार देश की कमान संभालेंगे या नहीं। तीन करोड़ 50 लाख की आबादी वाले देश में 96 लाख लोगों ने मतदान के लिए पंजीकरण कराया था। मतदान 4,905 मतदान केंद्रों पर हुआ।

## पाकिस्तान लौट इमरान ने फिर अलापा कश्मीर राग, की जिहाद की बात



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अमेरिका से लौटने के बाद कहा कि जो लोग कश्मीरियों के साथ खड़े हैं वे जिहाद कर रहे हैं और पाकिस्तान कश्मीरियों का साथ देगा, भले ही दुनिया ऐसा न करे। संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने पहले संबोधन में कश्मीर मुद्दे पर जोर देने वाले खान ने यहां हवाई अड्डे पर अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि चाहे दुनिया कश्मीरियों के साथ हो या न हो, हम उनके साथ खड़े हैं।

उन्होंने कहा, यह (कश्मीरियों के साथ खड़ा रहना) जिहाद है। हम ऐसा इसलिये कर रहे हैं क्योंकि हम चाहते हैं कि अल्लाह हमसे खुश हो। उन्होंने कहा, यह संघर्ष है और जब समय अच्छा न हो तो हिम्मत न हारें। निराश न हों क्योंकि कश्मीरी आपकी ओर देख रहे हैं।

खान ने कहा, अगर पाकिस्तानी लोग कश्मीरियों के साथ खड़े रहे तो वे जीतेंगे। खान ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में कश्मीर मुद्दा उठाया था और मांग की थी कि भारत कश्मीर से अमानवीय कर्फ्यू हटाए तथा सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करे।

खान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में संबोधन के लिये 15 मिनट की तय सीमा से बहुत अधिक 50 मिनट के अपने भाषण में आधा समय कश्मीर मुद्दे पर बात कही।उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दो परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसियों का आमना-सामना हुआ, तो इसके परिणाम सीमाओं से परे होंगे।

## पाकिस्तान में 2 ब्रिटिश पर्वतारोहियों को बचाया गया, 4 अभी भी फंसे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कोयो जोम पर्वत पर फंसे दो ब्रिटिश पर्वतारोहियों को बचा लिया गया है, जबकि एक गाइड के साथ तीन पर्वतारोही अभी भी फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डॉन न्यूज के अनुसार, कोयो जोम खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल जिले और गिलगित-बाल्टिस्तान के बीच की सीमा पर स्थित एक पर्वत शिखर है और समुद्र तल से 18,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।

बचाए गए दोनों पर्वतारोहियों की पहचान विलियम टेलर सिम और जॉन जेम्स क्रुक के रूप में की गई, जबकि शिखर पर फंसे लोगों में एलस्टेयर जेम्स स्विंटन, थॉमस माइकल लिविंगस्टोन, उइसडिन रॉबर्टसन हॉथोर्न और एक स्थानीय गाइड इमरान शामिल हैं।

अपर चित्राल के अतिरिक्त जिला आयुक्त (एडीसी) इरफानुद्दीन ने रविवार रात को डॉन न्यूज को बताया कि ब्रिटिश अभियान दल 3 सितंबर को अपर चित्राल के कोयो जोम बेस कैंप में पहुंचा था। यह टीम रविवार को यरकुन में कोयो जोम पर चढ़ाई कर रही थी, तभी दोपहर करीब 12 बजे उन्हें एक हादसे का सामना करना पड़ा।

एडीसी ने कहा, दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद, एक बचाव अभियान शुरू किया गया और बचाव दल हेलीकॉप्टर से पर्वतारोहियों के पास पहुंचा।उन्होंने बताया कि बचाए गए दो पर्वतारोहियों को मस्तूज नगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## छह साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या की कोशिश, नेपाली शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** छह साल की मासूम से रेप के बाद हत्या की कोशिश करने के आरोपी को पुलिस ने चार साल बाद गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी 49 वर्षीय विजय इस घटना के बाद नेपाल भाग गया था. वह दिल्ली के ओखला में एक गारमेंट एक्सपोर्ट हाउस में काम करता था. केस की तहकीकात में जुटी पुलिस को पता लगा कि आरोपी नेपाल में है. पुलिस ने मुखबिर की मदद ली. 28 सितंबर को आरोपी नेपाल से दिल्ली पहुंचा, जब वह दिल्ली गेट आया तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया.

पुलिस ने बताया कि मासूम के पिता ने किसी बात को लेकर विजय को दो तीन बार डांट लगा दी थी. इसी बात को लेकर वह नाराज था और सबक सीखाना चाहता था. 10 अगस्त, 2015 को उसने 6 वर्षीय बच्ची का रेप कर दिया और इसके बाद मारने की भी कोशिश की.



रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2015 में हरकेश नगर निवासी नेपाल के दंपति ने अपनी चार साल की बेटी के निजी स्कूल से गायब होने की रिपोर्ट ओखला थाने में दर्ज कराई थी. उनकी छह साल की बेटी पहली क्लास में पढ़ती थी. आरोपी भी उसी बिल्डिंग में रहता था.

बच्ची आरोपी को दादा कहकर पुकारती थी. वह बच्ची के परिवार की मदद भी करता था. आरोपी ने खुद को बच्ची का दादा होने का दावा किया था. बच्ची की मां स्कूल पहुंची तो बेटी को दादा द्वारा ले जाए जाने की खबर मिली. इस घटना के बाद महिला और उसके पति ने बच्ची की खोजबीन शुरू की. पुलिस को भी खबर दे दी थी. बाद में लड़की मिली और उसकी हालत खराब थी. पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करा दिया.

## विस्फोट में भारतीय प्रवासी की दुबई में मौत



**दुबई।** दुबई में एक अपार्टमेंट की इमारत में हुए गैस पाइप विस्फोट के बाद एक 47 वर्षीय भारतीय प्रवासी की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी। खलीज टाइम्स के अनुसार, मनखूल स्थित अल घुरैर बिल्डिंग के अपार्टमेंट के छठवें माले पर विस्फोट शनिवार को उस वक्त हुआ, जब एक मकेनिक गैस लीक को ठीक करने की कोशिश कर रहा था।

दुबई पुलिस ने ट्विटर पर इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि रसोई गैस रिसाव के कारण हुए विस्फोट के चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए। दुबई पुलिस ने ट्वीट कर कहा, 'पुलिस मौके पर पहुंच गई है, सभी घायल एशियाई नागरिकों को राशिद अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।' मृतक की पत्नी ने खलीज टाइम्स से कहा, 'विस्फोट हमारे घर के पास ही में उस वक्त हुआ, मैं अपनी छोटी बेटी के साथ बैठी थी और मेरे पति मेरी बड़ी बेटी को ट्यूशन क्लासेस से वापस लेकर आ रहे थे।'

मृतक की पत्नी ने कहा, 'पास के अपार्टमेंट में अचानक विस्फोट हुआ। इसका प्रभाव हमारे अपार्टमेंट पर भी हुआ। छत गिर गई, चारों तरफ मलबा था। मेरे पति पर एक बड़ा दरवाजा गिर गया। विस्फोट के कारण उन्हें कई चोटे आई और मेरी बड़ी बेटी के पैर में भी चोटे आई।'

मूल रूप से लखनऊ का रहने वाला परिवार शव को जल्द से जल्द भारत वापस लाना चाहता है। दुर्घटना के जवाब में दुबई स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक ट्वीट जारी कर कहा, 'हम पीड़ित परिवार और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। हम परिवार के प्रति अपनी गंभीर संवेदना व्यक्त करते हैं और आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम हर तरह से मदद करेंगे।'

## यूक्रेन मामले में आरोप लगाने वाले 'व्हिसल ब्लोअर' से मिलना चाहते हैं ट्रम्प

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि वह यूक्रेन मामले में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराने वाले 'व्हिसलब्लोअर' से मिलना चाहते हैं। गौरतलब है कि 25 जुलाई को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ ट्रम्प की बातचीत के सार्वजनिक होने के बाद विवाद उत्पन्न हो गया था और इसके बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की आधिकारिक प्रक्रिया भी शुरू की गई। इस 'व्हिसलब्लोअर' ने इस बातचीत के आधार पर अगस्त में ट्रम्प के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए कहा था कि वह अमेरिकी चुनाव में अपने फायदे के लिए विदेशी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं।इस बातचीत में ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से 2020 राष्ट्रपति चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के बेटे हंटर के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में जांच करने की अपील की थी।ट्रम्प ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, '' हर अमेरिकी की तरह, मैं भी मुझ पर आरोप लगाने वाले से मिलने का हकदार हूं। विशेषकर तब, जब यह आरोप लगाने वाला एक तथाकथित 'व्हिसलब्लोअर' है, जिसने विदेशी प्रतिनिधि से हुई बातचीत को पूरी तरह से गलत और कपटपूर्ण तरीके से पेश किया। '' उन्होंने महाभियोग जांच का नेतृत्व कर रहे एडम शिफ पर भी कांग्रेस के समक्ष झूठ बोलने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा, '' उन्होंने इस बेबाकी से महान चैंबर में झूठ बोला, जैसे कभी किसी ने नहीं बोला होगा।'' उन्होंने कहा,



'' उन्होंने बेकार की बातें पढ़ीं और लिखीं, और फिर कहा कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति का कहना है। मैं चाहता हूं कि धोखाधड़ी तथा देशद्रोह के मामले में शिफ से उच्च स्तर की पूछताछ की जाए।'' इस बीच ट्रम्प के करीबी सहयोगियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग चलाने के डेमोक्रेट के फैसले पर निशाना साधते हुए राष्ट्रपति को एक सच्चा 'व्हिसलब्लोअर' बताया है।ट्रम्प के सलाहकार स्टीफन मिलर ने 'फोक्स न्यूज संडे' से कहा, '' अमेरिका के राष्ट्रपति 'व्हिसलब्लोअर' हैं। '' मिलर ने कहा, '' यूक्रेन में एक भ्रष्टाचार घोटाले की तह तक जाना अमेरिका के राष्ट्रीय हित में है।'' ट्रम्प के निजी वकील रूडी गिउलियानी ने भी 'एबीसी' के कार्यक्रम 'द वीक' में कहा, '' उनके उनसे (यूक्रेन से) बाइडेन के खिलाफ जांच ना करने को कहने पर संविधान का उल्लंघन होता।'' उन्होंने कहा, '' डेमोक्रेटिक पार्टी डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ साजिश रच रही है।'' अमेरिका के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने गत मंगलवार को ट्रम्प के खिलाफ महाभियोग की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की थी।